इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 20 अप्रैल 2023

विश्वास वह पक्षी है जो प्रभात के पूर्व अंधकार में ही प्रकाश का अनुभव करता है और गाने लगता है।
- रवीन्द्रनाथ ठाकुर

वर्ष 15 अंक 225 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

तापमान - अधिकतम 41.0°C (+2.5) न्यूनतम 25.5°C(+3.9) सेंसेक्स 59,567.80 (-159.21) निफ्टी 17,618.75 (-041.40) सोना 61,310 चांदी 77,600 मुद्रा - डालर 82.18 दिरहम 22.37 रियाल 21.91

एरा विश्वविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर व्याख्यान

लखनऊ (सं)। एरा विश्वविद्यालय में बुधवार को आपदा प्रबंधन पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। एएमसी सेंटर एंड कॉलेज के वरिष्ठ निदेशक स्टाफ अफसर कर्नल (डॉ.) एस. शुक्ला ने व्याख्यान देते हुए छात्रों को कई जरूरी बातें बतायीं। व्याख्यान का आयोजन जूनियर रेजिडेंट्स, स्टाफ नर्सों, तकनीशियनों, प्रशासनिक कर्मचारियों, सुरक्षा गार्ड, आया और वार्ड बॉय को प्रशिक्षण देने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कर्नल शुक्ला ने हाल ही में कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए अस्पताल में विभिन्न आपातकालीन स्थितियों को संभालने के तरीके के बारे में बताया।

कार्यक्रम का संचालन कुलदीप सिंह ने किया जिसकी शुरुआत ब्रिगेडियर (डॉ.) एस. बासु के स्वागत भाषण से हुई। इस अवसर पर एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी ने एरा विश्वविद्यालय के हित में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कर्नल शुक्ला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन किसी भी अस्पताल का बहुत महत्वपूर्ण घटक होता है और हमें अप्रत्याशित परिस्थितियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए छात्रों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है।